## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। जीविका निधि का उद्देश्य जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को किफायती ब्याज दरों पर धनराशि तक आसान पहुँच प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का विकास महिलाओं के सशक्तिकरण में निहित है और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उनके जीवन से सभी प्रकार की कठिनाइयाँ दूर हों।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण सह मेधा सम्मान समारोह में नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों, सहायक आचार्यों और प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान जैक, सीबीएसई, आईसीएसई और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य सरकार की आकांक्षा कोचिंग के सफल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सहायता और सम्मान राशि दी गई।

**********************

अब से कुछ ही देर में रांची के धुर्वा सेक्टर–2 स्थित मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के मीडिया कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की जाएगी।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज प्रस्तावित राज्य कैबिनेट की बैठक में चार दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा होने की उम्मीद है। चर्चा के बाद राज्यहित में विभिन्न विभागों से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की जायेगी।

**********************

राज्य में 6 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए सकारात्मक पहल के लिए मंत्री सुदीव्य कुमार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों का निर्माण राज्य की जनता को गुणवत्तापूर्ण और उन्नत चिकित्सा सेवाओं की सामान पहुंच उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

**********************

साहिबगंज जिले में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। महादेवगंज में गंगा मिशन कोलकाता के हरित गंगा अभियान के तहत स्कूली बच्चों और समाज के

लोगों को फलदार पौधे वितरित किए गए। बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**********************

जमशेदपुर के दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी के मकुलाकोचा में अत्याधुनिक वन्य जीव संग्रहालय का निर्माण पूरा हो चुका है।

**********************

हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर कई दुकानों से नकली खाद्य सामग्री जब्त की। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मंजर हुसैन के नेतृत्व में छापेमारी दल ने घटना स्थल पर ही नकली सामग्रियों को नष्ट कर दिया।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में पांच सितंबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव के कारण अगले दो–तीन दिनों तक बारिश के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

********समाप्त********